कार्यालय मिशन निदेशक
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), उत्तर प्रदेश

लोहिया भवन, राज्य स्तरीय पंचायत भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र, अलीगंज, लखनऊ

पत्रांक : 5/781/2020–5/2020, लखनऊ दिनांक: 02.07.2020

सूचना

चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थाओं के सेवा प्रदाता के रूप में चयनार्थ

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं पंचायतीराज विभाग, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत लेखा सम्बन्धी कार्यों, खातों का रख–रखाव व पर्यवेक्षण, बैलेंस शीट, उपभोग प्रमाण–पत्र, इत्यादि के संपादन हेतु अनुभवी चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थाओं का चयन किया जाना है। इच्छुक संस्थाएं जो निम्नलिखित शर्तें पूर्ण करती हों, अपना सीलबंद प्रस्ताव पारिश्रमिक इत्यादि का उल्लेख करते हुए दिनांक 18 जुलाई, 2020 को सायं 03.00 बजे तक मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यालय में प्रेषित कर सकते हैं। प्राप्त सीलबंद प्रस्ताव 18 जुलाई, 2020 को सायं 05.00 बजे सम्बंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोले जायेंगे। दोनों कार्यों का विस्तृत विवरण मिशन निदेशक के कार्यालय अथवा पंचायतीराज की वेबसाईट – **www.panchayatiraj.up.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।

पात्रताएं – 1. चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म्स इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट से पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति 2. फर्म के पास न्यूनतम 2 एफ.सी.ए. स्तर चार्टर्ड अकाउंटेंट के साथ 10 वर्ष का अनुभव 3. सरकारी विभागों में कार्य का न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव 4. पंचायती राज निदेशालय परिसर में 1 पूर्ण कालिक एफ.सी.ए. एवं कम से कम 2 योग्य कर्मचारियों की पूर्ण सेवाएं कार्यालय समय में देनी होंगी 5. फर्म का 5 वर्ष का आयकर का विवरण, आई.टी.आर. आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा।

उक्त के साथ–साथ 1,00,000/– (रूपये एक लाख) मात्र का एफ.डी.आर. के माध्यम से अर्नेस्ट मनी जो ''उत्तर प्रदेश स्टेट सेनिटेशन मिशन'' के पक्ष में बंधक हो, आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न कराया जाना है।

मिशन निदेशक
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

8x08